Title: Need for construction of Super Thermal Power Plant at Nabinagar, Bihar during Ninth Year Plan.-Laid

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): महोदय, मै मध्य विहार के अत्यन्त पिछड़े एवं उग्रवाद प्रभावित औरंगाबाद से प्रतिनिधित्व करता हूं। यह क्षेत्र बिजली, सड़क, सिंचाई एवं कानून व्यवस्था हर मामले में चिन्ताजनक स्थिति में है। कार्य के अभाव में लोग काम की तलाश में गुजरात, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की ओर भागते हैं। औसत से ज्यादा गरीबी इस क्षेत्र में है। यहां एक विद्युत परियोजना नबीनगर सुपर थर्मल पावर के निर्माण का प्रस्ताव दस वर्षों से विचाराधीन है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस अत्यंत पिछड़े इलाके के विकास के लिए प्रस्तावित नबीनगर सुपर थर्मल पावर का निर्माण नौंवी पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत ही करायें।